कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक / 5415 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2023 रायपुर, दिनांक 10 / 04 / 2023

"आम सूचना"

प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. परियोजांतर्गत "मोर मकान–मोर आस" योजना हेतु विज्ञापन क्रमांक 02 / 2022 दिनांक 16.12.2022 में परियोजना 1015 के लाभाण्डी–232 के 150 मकानो के लिए ऑनलाईन आवेदन दिनांक 02.01.2023 तक आमंत्रित किया गया था। जिसमें 150 मकानो के विरूद्ध 348 आवेदन प्राप्त हुए थे। परीक्षण समिति द्वारा किये गये प्रारंभिक परीक्षण में 105 आवेदन पात्र एवं 243 आवेदन अपात्र पाये गये थे। प्राथमिक सूची का ऑनलाईन प्रकाशन नगर पालिक निगम, रायपुर की वेब साईट पर किया जाकर प्राथमिक पात्र / अपात्र की सूची पर दावा–आपत्ति, इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5269 दिनांक 19.01.2023 अनुसार, दिनांक **23.01.2023** से दिनांक **06.02.2023** तक आमंत्रित की गयी थी। दावा–आपत्ति के उपरांत अंतिम परीक्षण में कुल 348 आवेदन में से 209 आवेदन अंतिम रूप से पात्र एवं 139 आवेदन अपात्र पाये गये थे। जिसमें विज्ञापित मकानों की संख्या से अधिक आवेदन पात्र पाये जाने के कारण हितग्राहियों का चयन दिनांक 13.03.2023 को लॉटरी के माध्यम से किया गया है।

अंतिम सूची में लॉटरी के माध्यम से चयनित 150 पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि आवास आबंटन हेतु मुख्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर के कक्ष क्र. 414 में दिनांक 01/05/2023 तक आवश्यक रूप से उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें।

हितग्राही द्वारा, हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

10/4/2023

नोडल अधिकारी

प्रधानमंत्री आवास योजना

नगर पालिक निगम, रायपुर